क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
बुधवार– 04.10.2023
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- अल्मोड़ा में पन्द्रह सौ मेगावाट के दो पम्प स्टोरेज निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपए का अनुबंध किया।
- वैश्विक निवेशक सम्मेलन को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में रोड शो किया। कहा– प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है।
- केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ाई।
- स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारी प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे।

अनुबंध

प्रदेश सरकार और जे एस डब्लयू नियो एनर्जी लिमिटेड के बीच 15 हजार करोड़ रुपए का अनुबंध हुआ है। अनुबंध के मुताबिक अगले पांच से छह वर्षों के भीतर इस धनराशि से अल्मोड़ा में पन्द्रह सौ मेगावाट के दो पम्प स्टोरेज का विकास किया जाएगा। इस योजना से एक हजार लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में नई दिल्ली में इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

रोड़ शो

देहरादून में दिसंबर के महीने में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में रोड़ शो किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के आधारभूत ढांचे को विकसित करने में औद्योगिक निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसी लिये देहरादून में ''वैश्विक निवेशक सम्मेलन'' आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में निवेश के बेहतर माहौल की जानकारी देते हुए श्री धामी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में डेढ़ लाख करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मजबूत नीतिगत ढांचे में निवेशक के अनुरूप नीतियां बनाने के लिए पिछले चार महीने में 27 से अधिक नई नीति बनाई हैं। श्री धामी ने कहा कि विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल होने के साथ ही उत्तराखण्ड खाद्य प्रसंस्करण, ऑटो कम्पोनेन्ट विनिर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अनेक क्षेत्रों में निवेश के लिए औद्योगिक जगत का एक पसंदीदा स्थल है। उन्होंने कहा कि राज्य में आने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटि को मजबूत किया जा रहा है।

सेवा पखवाड़ा

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के गरीब वर्ग का उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार ने देश में विभिन्न योजनाओं के जरिए गरीब लोगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया। वे आज ऋषिकेश की नई जाटव बस्ती में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान श्री अग्रवाल ने नई जाटव बस्ती की गली संख्या दो में लगभग 150 मीटर क्षतिग्रस्त सड़क का पुनःनिर्माण विधायक निधि से करने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी।

मंडुवा क्रय

राज्य मिलेट मिशन के तहत मंडुवा समेत अन्य मोटे अनाज की खरीद–बिक्री पर जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में खाद्य विभाग के क्रय केंद्रों में मंडुवा की फसल की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है। इसके साथ ही इस वर्ष रागी की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3 हजार 846 रुपए प्रति कुंतल रखा गया है। खाद्य मंत्री रेखा आर्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने अधिकारियों को फसल का मूल्य किसानों को निर्धारित 72 घंटे के अंदर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती आर्या ने कहा कि मोटे अनाजों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार तत्पर है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन से पहाड़ी जिलों में हो रहे पलायन पर रोक लगेगी।

तैयारियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 व 12 अक्टूबर को उत्तराखण्ड दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वे पिथौरागढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे और चंपावत के स्वामी विवेकानंद मायावती आश्रम में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। प्रधानमंत्री दौरे को लेकर चल रही तैयारियों को जायजा लेने आज कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी चंपावत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मायावती आश्रम और हेलीपैड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इससे पहले कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ के लोहाघाट पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

पौड़ी के जिलाधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान ने जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुरुष कामगारों के साथ ही महिला कामगारों को भी इस योजना से जोड़ने को कहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने लोहार, बढई, मिस्त्री, शिल्पकार और क्राफ्टमैन का काम करने वाले लोगों का सर्वे करने के निर्देश दिए। डॉक्टर चौहान ने खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित कार्मिकों को प्रशिक्षण और जरूरी टूलकिट उपलब्ध कराने के साथ ही योजना के तहत दो–दो लाख रुपए ऋण वितरित करने को भी कहा।

मंजूरी

केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है।

स्वास्थ्य सेवाएं

स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशालय के उच्च अधिकारी विभिन्न जिलों का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस संबंध में पत्र जारी कर स्वास्थ्य सचिव से लेकर महानिदेशक और निदेशक स्तर के अधिकारियों को पांच अक्टूबर से पांच नवम्बर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का वास्तविक स्थिति परखने के निर्देश दिये हैं। भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारी सभी जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और वेलनेस सेंटरों में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की जांच

करेंगे। इसके साथ ही अधिकारी स्थानीय जनता को केन्द्र और राज्य सरकार के स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं तथा सुविधाओं की जानकारी भी देंगे।

तेजस लड़ाकू विमान

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने आज बेंगलुरु में केंद्रीय पर्यटन और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में दो सीट वाला एलसीए तेजस लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना को सौंपा। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि उन्नत क्षमताओं से लैस एलसीए तेजस को भारतीय वायुसेना में शामिल किया जाना आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करता है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो स्वदेशी क्षमताओं को प्रदर्शित करती है।

पर्यावरण संगोष्ठी

प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण में सशस्त्र बलों की भूमिका पर देहरादून में दो दिवसीय पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वन्यजीव संरक्षण कानून प्रवर्तन और सामुदायिक जुड़ाव पर चर्चा की गई। गोष्ठी में मेजर जनरल टीएम पटनायक ने भारत के समृद्ध और विविध वन्यजीवों, पारिस्थितिकी प्रणालियों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए सशस्त्र बलों के महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल ने पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित कर और वन्यजीवों की रक्षा करके अपने सैन्य स्टेशनों और छावनियों में सूक्ष्म स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया है।

साहित्यिक और कला उत्सव – 2023

देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सांस्कृतिक, साहित्यिक और कला उत्सव– 2023 के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इससे पूर्व कल देहरादून महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कियाा। गौरतलब है कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से 15 सौ से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र भाग ले रहे हैं। इस दौरान बच्चे कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला–2023

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाने के लिए टिहरी जिले में राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला–2023 का टिहरी के पूर्णानन्द खेल मैदान मुनि की रेती में शुरू हो गया है। मेले में प्रदेश के साथ ही विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूहों ने अपने स्टाल लगाए हैं। मेले में 19 राज्यों के 116 स्वयं सहायता समूह के लगभग 313 सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

स्वास्थ्य मेला

आयुष्मान भवः अभियान के तहत मेडिकज कॉलेज श्रीनगर के तत्वावधान में पौड़ी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांखाल में कम्युनिटी स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 2 सौ 25 लोगों की जांच की गई। इस दौरान 15 आयुष्मान कार्ड, 151 आभा आईडी बनाए गए साथ ही दो लोगों द्वारा अंगदान की शपथ भी ली गयी।

संक्षिप्त में समाचार

- देहरादून पुलिस ने अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नौ ट्रक और एक ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया है।
- बागेश्वर जिले के स्यूनी गांव में कल दोपहर आए भूकंप के कारण दो आवासीय मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। भूकंप से अल्मोड़ा जिले के कईं पुराने मकानों में भी दरारें आई हैं।
- चार दिवसीय 21वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय वाहिनी पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता की ट्रॉफी देहरादून जिले ने अपने नाम की है। फाइनल मुकाबले में देहरादून ने हरिद्वार पुलिस को तीन–शून्य से हराया।
- बागेश्वर जिले के लघु उद्यमी, हथकरघा बुनकर, हस्तशिल्पी शासन और जिला स्तर पर मिलने वाले पुरस्कार के लिए 30 अक्टूबर से आवेदन किये जाएंगे।